# Hindi Education Online
## हिंदी सीखो कार्य प्रपत्र

| नाम : | कक्षा : ७ | विषय : हिंदी | पत्र संख्या: २ |
|---|---|---|---|

Paper 2

**Section A - खंड -'क'**

**(A1) Combination /separation of words :** संधि /संधि -विच्छेद

1. वधूत्सव = __________ +____________
2. अनु +अय = _________________________
3. हित + उपदेश = _________________________
4. भो +अति = _________________________
5. महौषधि = __________ +____________

**(A2) Idioms , proverbs and words pairs:** मुहावरे , लोकोक्तियाँ एवं सह -प्रयोग

निम्नलिखित वाक्यों में रिक्त स्थान को भरने के लिए नीचे दिए गए मुहावरे, लोकोक्तियाँ एवं सह -प्रयोग में से उपयुक्त मुहावरे, लोकोक्तियाँ एवं सह -प्रयोगों का सही प्रयोग करके लिखिए।

6. यहाँ सभी तरह के ____________ पेय मिलते हैं।
7. घर के बहार बहुत सारे_____________ देखकर राम समझ गया कि आयोजन इसी घर में है।
8. अभिनव बिंद्रा ने स्वर्ण पदक जीतकर ओलम्पिक खेलों में भारत के पदक का ______________दिया।
9. बाज़ार में नकाब mask मिलने पर सब लोग ऐसे टूट पड़े , मानो_______________________ ।

 All Rights Reserved 

Hindi Education Online
हिंदी सीखो कार्य प्रपत्र

10. इंजीनियरिंग करने के बाद भी अनिल नौकरी की तलाश में_________________________रहा है।

( 1) हवा से बातें करना
( 2 ) श्री गणेश करना
( 3 ) एक अनार सौ बीमार
( 4 ) सुख - दुःख
( 5 ) दबे पाँव निकलना
( 6 ) दर- दर भटकना
( 7 ) जूते -चप्पल
( 8 ) ठंडे - गर्म
( 9 ) रात -दिन
(10 ) ठगा सा रह जाना

**(A3) sentence transformation:** वाक्य रूपांतरण

निम्नलिखित अधूरे वाक्यों को उपयुक्त शब्दों की सहायता से पूरा कीजिये।

जिससे ऊपर दिए गए वाक्य का अर्थ न बदले

11 . बच्चों ने नाश्ता किया। बच्चे विद्यालय गए।

बच्चों ने _________________________________________________________

12. आज बिजली नहीं आयी। आज अँधेरा है।

आज _________________________________________________________

13. आदित्य ने चुटकला सुनाया। सभी मित्र हंस पड़े।

जैसे ही _________________________________________________________

14. चोर ने सोने की चेन खींची। स्वाति ने उसे पकड़ लिया

जैसे ही _________________________________________________________

Author: Dr. Sadhna Jain All Rights Reserved 

Hindi Education Online
हिंदी सीखो कार्य प्रपत्र

15. मेरा छोटा भाई है। वह पांचवीं कक्षा में पढ़ता है।

मेरा छोटा ________________________________________________

**(A4) Cloze passage क्लोज़ पैसेज**

निम्नलिखित अनुच्छेद में रिक्त स्थान भरने के लिए उपयुक्त शब्द नीचे दिए गए है।

उन शब्दों में से उचित शब्द चुनकर उनकी संख्या कोष्ठक ( ) में लिखिए .

सादा जीवन उच्च **16** ..... एक सामान्य नीति वचन है जो सामान्य जीवन को आगे बढ़ाने और उच्च सोच रखने के महत्व पर जोर देने के लिए प्रयोग किया जाता है। अगर हममें से हर एक ऐसा जीवन जीने की सोचता है तो विश्व एक बेहतर स्थान बन जाएगा।

जब हम सादा जीवन उच्च विचार कहावत सुनते हैं तो महात्मा गांधी निस्संदेह पहला नाम है जो मन में आता है। प्राय: बापू के रूप में मशहूर इस महान हस्ती ने एक अत्यंत सरल जीवन जिया। वे बहुत ही शिक्षित व्यक्ति थे और उन्हें आसानी से एक अच्छे वेतन वाली नौकरी मिल सकती थी। वे एक शानदार बंगले में रह सकते थे **17** …महंगी कारें रख सकते थे। पर उन्होंने एक सामान्य सी झोपड़ी में रहने का फैसला किया। उन्होंने सादी **18** .....धोती पहनी और पूरी जिंदगी सरल भोजन खाया। जहाँ उनकी भौतिकवादी ज़रूरतें सीमित थीं **19** ..... उनकी दृष्टि व्यापक थी। वह उच्च सोच के आदमी थे। **20** …….अपनी ज़िंदगी देश को समर्पित की।

भारत की आजादी मिशन बन गई थी और उन्होंने अहिंसा के मार्ग पर चल कर उसे हासिल किया। उनकी इच्छाशक्ति इतनी ताकतवर थी कि उन्होंने हजारों भारतीयों को प्रेरित किया जिससे वे स्वतंत्रता के लिए उनके संघर्ष में **21** ...... साथ शामिल हो गए। उन्होंने विभिन्न आंदोलनों की शुरुआत की और कई भारतीयों ने **22** ...... रूप से इन आंदोलनों में भाग लिया। उन्होंने जनता से अपने ज्ञान पूर्वक शब्दों को साझा करने के लिए समय- **23** ....... पर उन्हें संबोधित किया और उन्हें अपने जीवन को स्वतंत्रता संग्राम में समर्पित करने के लिए प्रोत्साहित

 All Rights Reserved 

Hindi Education Online

हिंदी सीखो कार्य प्रपत्र

किया। ब्रिटिश अधिकारियों के अत्याचार से निपटने के उनके सरल **24** .... प्रभावी तरीकों की लोग बहुत सराहना करते थे। अंग्रेजों को देश से बाहर निकालने **25** ........ महात्मा गांधी मुख्य शक्तियों में से एक थे।

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| १. सी | २. वहीँ | ३. जिसने | ४. की | ५. सबके |
| ६. लेकिन | ७. के द्वारा | ८. समय | ९.विचार | १० और |
| ११.उन्होंने | १२. उनके | १३. इसलिए | १४. के लिए | १५. सक्रिय |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 16 ( ) | 17 ( ) | 18 ( ) | 19 ( ) | 20 ( ) |
| 21 ( ) | 22 ( ) | 23 ( ) | 24 ( ) | 25 ( ) |

 All Rights Reserved 

Hindi Education Online
हिंदी सीखो कार्य प्रपत्र

Section B: खण्ड 'ख '

# दुनिया का सबसे खुशहाल देश



फ़िनलैंड को लगातार तीसरे साल दुनिया का सबसे खुशहाल देश घोषित किया गया है। सबसे खुश देशों की लिस्ट में भारत 144वें पर है।वहीं सिंगापुर 31 वीं श्रेणी पर है। फ़िनलैंड जितना खुशहाल देश है, उतना ही अनोखा देश भी है।

दुनिया का सबसे खुशहाल देश इस साल दुनिया की सबसे कम उम्र की प्रधानमंत्री को लेकर भी सुर्खियों में था। पिछले साल दिसंबर में सना मिरेला मारीन सिर्फ 34 साल की उम्र में फ़िनलैंड की प्रधानमंत्री बन गईं। वह दुनिया की सबसे कम उम्र की प्रधानमंत्री हैं। फ़िनलैंड कभी सबसे खुशहाल देशों की सूची में 5वें नंबर पर होता था लेकिन अब लगातार तीन सालों से पहले नंबर पर है। फ़िनलैंड की राजधानी हेलसिंकी है। फ़िनलैंड अपनी कई अनोखी बातों के लिए भी जाना जाता है जिसके बारे में हम आज जानेंगे।
काफी महँगा साबित हो सकता है तेज गाड़ी चलाना

फ़िनलैंड में यातायात के नियम का काफी सख्ती से पालन होता है। वहां नियमों का उल्लंघन करने पर जुर्माना, उल्लंघन कर्ता की कुल आमदनी के हिसाब से वसूला जाता है। करोड़पतियों को लाखों में जुर्माना देना पड़ सकता है तो कम आमदनी वाले कुछ सौ डॉलर देकर बच सकते हैं।

## निराले खेल

कुछ जगह जिन खेलों को सही नहीं माना जाता या अच्छा नहीं लगता, यहां वे खेल भी होते हैं।
**वाइफ कैरिंग चैंपियनशिप:** यहां एक प्रतियोगिता होती है जिसको वाइफ कैरिंग चैंपियनशिप के नाम से जाना जाता है। इसमें पुरुषों का दौड़ मुकाबला होता है जिसमें उनको अपनी महिला टीममेट या पत्नी को लेकर दौड़ना होता है।

 All Rights Reserved 

Hindi Education Online
हिंदी सीखो कार्य प्रपत्र

**मच्छर मार प्रतियोगिता**: इस प्रतियोगिता में प्रतिभागी दौड़कर किसी घास वाले इलाके में पहुंचते हैं जिसे प्रतियोगिता के लिए निर्धारित किया गया होता है। कुछ अपने लक्ष्य का पीछा करते हैं जबकि कुछ बैठे रहते हैं और जैसे ही कोई मच्छर सामने आता है, उसे पकड़कर मारते हैं। 15 मिनट में जो सबसे ज्यादा मच्छर पकड़ता और मारता है, वह नया वर्ल्ड चैंपियन बनता/बनती है। इसके लिए नकद ईनाम भी मिलता है।
**मोबाइल फेंको प्रतियोगिता**: फ़िनलैंड में मोबाइल फेंकना राष्ट्रीय खेल है।

## मुफ्त शिक्षा

फ़िनलैंड की एक सबसे बड़ी बात वहां मुफ्त शिक्षा का होना है जिस पर फ़िनलैंड के लोग गर्व कर सकते हैं। वहाँ छात्रों को यूनिवर्सिटी लेवल पर भी मुफ्त शिक्षा मिलती है। वहां यूरोपीय यूनियन/ईईएस के अंतराष्ट्रीय छात्रों को भी मुफ्त शिक्षा मिलती है। गैर यूरोपीय छात्रों की भी ट्युशन फीस माफ हो सकती है अगर क्लास फिनिश या स्वीडिश भाषा में ली जाए। डॉक्टरेट phd किसी भी भाषा में करने पर मुफ्त ट्युशन उपलब्ध है।

## कुदरत nature के अनोखे नज़ारे



यहां आप कुदरत के तीन अनोखे नज़ारे देख सकते हैं। ठंड के मौसम में आपको नॉर्दर्न लाइट्स यानी वायुमंडल के ऊपरी भाग में रंग-बिरंगी रोशनी दिखेंगी। उत्तरी हिस्से में पोलर नाइट्स या ध्रुवीय रात का अनुभव कर सकते हैं। यह साल का सबसे अंधेरा महीना होता है और कई हफ्ते तक सूर्य नहीं उगता है। इसका उल्टा गर्मी में होता है जब सूर्य कभी नहीं डूबता है और आधी रात को सूर्य दिखता है। यानी आप यहां ठंड के मौसम में वायुमंडल में रंग-बिरंगी रोशनी, कई हफ्ते तक रहने वाली रात और कई हफ्ते तक रहने वाले दिन या आधी रात के सूर्य को भी देख सकते हैं।

## महिलाओं को मताधिकार देने वाला पहला देश

फ़िनलैंड दुनिया का पहला देश है जिसने सभी महिलाओं को मताधिकार women voting दिया। यह दुनिया का पहला देश है जहां लैंगिक समानता उच्च दर्जे का है। 1906 में ही वहां महिलाओं को मताधिकार दे दिया गया था। हालांकि न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया ने महिलाओं को कुछ सालों पहले ही मताधिकार दे दिया था लेकिन फ़िनलैंड ने किसी तरह के सामाजिक दर्जे या वर्ग का भेदभाव किए बगैर सभी महिलाओं को मताधिकार दिया।

## रोचक बातें

यहां ठंड भी काफी पड़ती है। आमतौर पर रिकॉर्ड कम तापमान का सामना तो नहीं करना पड़ता है लेकिन हेलसिंकी में ठंड के मौसम में शून्य से नीचे 5 डिग्री सेल्सियस तक तापमान पहुंच जाता है। 1999 में यहां शून्य से नीचे 51.5 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया था।

 All Rights Reserved 

Hindi Education Online

हिंदी सीखो कार्य प्रपत्र

पत्नी को लेकर दौड़ने वाली प्रतियोगिता में पहले पुरस्कार के तौर पर पत्नी के वजन के बराबर बीयर मिलती है।

फ़िनलैंड में अगर कोई पीएचडी कर लेता है तो उसको एक टॉप हैट और एक तलवार भेंट की जाती है।

वहां एक रिजॉर्ट है जहां आप ग्लास इग्लू में सो सकते हैं और उत्तरी लाइट्स देख सकते हैं।

फ़िनलैंड में वे 'नेशनल स्लीपी हेड डे' मनाते हैं। परिवार में जो व्यक्ति सबसे बाद में जगता है, उसको परिवार के बाकी लोग उठाकर झील या समुद्र में फेंक देते हैं।

**B-5 MCQ comprehension: आशय समझना**

प्रश्न 26 -32 के लिए (1 ) (2 ) (3 ) (4) में से सही उत्तर चुनकर उसकी संख्या कोष्ठक में लिखिए।

प्रश्न 26. फ़िनलैंड को कितनी बार विश्व का सबसे खुशहाल देश घोषित किया गया है ?

1. इस वर्ष एक बार
2. दो बार
3. तीन बार
4. पांच बार ( )

प्रश्न 27 . फ़िनलैंड को कितनी बार विश्व का सबसे खुशहाल देश घोषित किया गया है ?

1. इस वर्ष एक बार
2. दो बार
3. तीन बार
4. पांच बार

( )

प्रश्न 28 . फ़िनलैंड की राजधानी कौन सी है ?

1. हेलांसीकी
2. हेलसिंकी
3. वन्ता
4. इग्लू ( )

 All Rights Reserved 

# Hindi Education Online
## हिंदी सीखो कार्य प्रपत्र

प्रश्न 29 . फ़िनलैंड में यातायात के नियमों का उल्लंघन करने पर जुर्माना कैसे देना पड़ता है ?

1. जुर्माना नहीं देना पड़ता है
2. लाखों डॉलर देना पड़ता है
3. सौ डॉलर देना पड़ता है
4. आमदनी के हिसाब से देना पड़ता है ( )

प्रश्न 30. फ़िनलैंड में मोबाईल फेंकना क्या है ?

1. राष्ट्रीय खेल
2. एक सख्त अपराध
3. प्रतियोगिता
4. मुफ्त में पाना ( )

प्रश्न 31 . फ़िनलैंड में महिला के मताधिकार के विषय में क्या गलत है ?

1. फ़िनलैंड लैंगिक समानता में सर्वोच्च है
2. फ़िनलैंड महिला को मताधिकार देने वाला पहला देश है
3. फ़िनलैंड बिना किसी भेदभाव के महिला को मताधिकार देने वाला पहला देश है
4. फ़िनलैंड की प्रधानमंत्री सबसे कम वय की प्रधानमंत्री बनाने वाली महिला है ( )

प्रश्न 32. 1999 में हेलसिंकी में तापमान कहाँ तक पँहुचा ?

1. 5 डिग्री
2. 51. 5 डिग्री
3. -51. 5 डिग्री ( )
4. -5 डिग्री


 All Rights Reserved 

# Hindi Education Online
## हिंदी सीखो कार्य प्रपत्र

### Section C - खण्ड ' ग '

नीचे दिए गए अनुच्छेद को ध्यान से पढ़िए और प्रश्नों के उत्तर दीजिये।

## यातायात की समस्या और समाधान



यातायात हमारे जीवन का वो हिस्सा है जो हमारी जिंदगी को और आसान बनाता है।प्राचीन काल से ही मनुष्य को देशाटन, सामाजिक सम्बन्ध बनाने ,नए नए स्थानों पर भ्रमण और व्यापार का विस्तार करने की अभिलाषा रही है।उसकी इसी आशा और आकांक्षा के कारण मानव ने असंभव लगने वाले कार्यों को भी संभव कर दिखाया है यातायात में प्रगति किसी आश्चर्य से कम नहीं है ।यातायात के द्वारा आज हम लंबी दूरी भी आसानी से कम समय में तय कर लेते हैं मानव ने हर क्षेत्र में अभूतपूर्व विकास किए हैं यातायात भी इससे अछूता नहीं है। पहले यातायात के लिए विभिन्न जानवर जैसे ऊंट, घोड़ा, बैल ,हाथी आदि या फिर मानव निर्मित हाथ गाड़ी पानी में चलने वाले छोटे जहाज का इस्तेमाल होता था। इनसे लंबी दूरी तय करने में महीने लग जाते थे।

मानव ने विकास किया और विज्ञान की सहारे हमारी जिंदगी को आसान बना दिया।अब हम यातायात के साधन बिना जिंदगी की कल्पना भी नहीं कर सकते हैं क्योंकि हम इसके आदी हो चुके हैं

आज 21वीं सदी में मानव ने यातायात के तीन मुख्य साधन दिए हैं
१. वायु यातायात
२. जल यातायात
३. सड़क यातायात

### वायु यातायात

विज्ञान के चमत्कार का अनूठा उदाहरण है हवाई जहाज।आसमान में पंछियों को उड़ता देख इंसान के मन में भी हमेशा से उड़ने की चाह रही है और इंसान के मन में एक बार जो आ जाए वह करके ही रहता है अपनी कल्पना को पर लगा कर उसने हवाई जहाज बना दिया। जिससे किसी भी स्थान में जाना और ज्यादा आसान हो गया। देश विदेश की यात्रा अब किसी के लिए मुश्किल नहीं रही।

**वायु यातायात से होने वाली समस्या**

पंछियों का जीवन खतरे में आ गया हवाई जहाज से कई बेकसूर जानें रोज़ जाती है। वायु प्रदूषण बढ़ने लगा।
हवाई जहाज के निर्माण सुख सुविधा देने के लिए अधिक खर्च किया जाने लगा।बड़े-बड़े हवाईअड्डे (एयरपोर्ट) बनाने के लिए वनों को काटा जाने लगा।तकनीकी खराबी की वजह से यह विमान क्रैश हो जाते हैं जिससे मनुष्य की जान के साथ खिलवाड़ होता है। हवाई जहाज के अलावा लड़ाकू विमान भी बनने लगे जिसका प्रयोग युद्ध में किया जाने लगा

**वायु यातायात समस्या का समाधान** हवाई जहाज ऐसा होना चाहिए जिससे वायु प्रदूषण कम से कम हो। युद्ध के लिए इसका इस्तेमाल नहीं होना चाहिए। अच्छे इंजीनियर की नियुक्ति होनी चाहिए जिससे कोई तकनीकी खराबी ना हो।

 All Rights Reserved 

Hindi Education Online
हिंदी सीखो कार्य प्रपत्र

## जल यातायात

बड़े बड़े गहरे समुद्र पर भी मानव ने यातायात संभव कर दिखाया। छोटी छोटी नौकाओं ने आज बड़े बड़े जहाज क्रूज की जगह ले ली है। समुद्र में बड़े-बड़े जहाज से कई टनों सामान एक देश से दूसरे देश में पहुँचाया जाता है।यह आयात -निर्यात के सबसे सक्षम साधन हैं। समुद्र में क्रूज पर घूमना पर्यटकों को बहुत पसंद आता ही। यह जहाज आलीशान होटल की तरह होते हैं। जिसमें सारी सुख सुविधा होती है। इस जहाज से एक जगह से दूसरी जगह जाने में समय जरूर लगता है लेकिन यात्रा काफी रोचक होती है जिसका अलग अनुभव होता है। बोट हाउस होते हैं जो किसी नदी या तालाब पर चलते हैं कश्मीर और केरल में पर्यटक इन बोट हाउस में रहना पसंद करते हैं।

**जल यातायात से से होने वाली समस्या** बड़े बड़े जहाज समुद्र में चलते हैं। जब यह खराब हो जाते हैं तो यह समुद्र में ही खड़े हो जाते हैं। इन जहाज में रखा तेल गैस आदि का रिसाव समुद्र में होने लगता है जिससे समुद्र में रहने वाले जीवों की जान पर खतरा बन जाता है। ऐसी घटना आए दिन होती रहती है जिससे समुद्र में गंदगी फैलती है। और प्रकृति को नुकसान होता है। समुद्र में रहने वाली कई प्रजाति विलुप्त हो रही हैं।

### जल यातायात की समस्या का समाधान

लंबी दूरी तय करने वाले जहाज में तकनीकी खराबी ना हो इसका विशेष ध्यान रखना चाहिए। जहाज की क्षमता के हिसाब से ही उसमें सामान रखना चाहिए। जहाज से समुद्र में रहने वाले जीव जंतु को नुकसान नहीं होना चाहिए।

## सड़क यातायात

सबसे ज्यादा प्रसिद्ध और सुविधाजनक सड़क यातायात होता है, जो दूर व पास सभी दूरियों को पार कराता है। सड़कों पर आज चारों तरफ दुपहिया वाहन और चार पहिया गाड़ी दौड़ती हुई दिखाई देती है।

### सड़क यातायात के लाभ

ट्रेन यातायात का सबसे आसान आरामदायक कम ख़र्चीला साधन है।ट्रेन के द्वारा हजारों किलोमीटर की यात्रा एक साथ हजारों लोग तय कर पाते हैं।आज हजारों ट्रेन है जो देश को एक जगह से दूसरी जगह जोड़ रही हैं जिसमें भाप तथा डीज़ल इंजन केआलावा आज विद्युतचालित रेल गाड़ियाँ उपलब्ध हैं . जिसमें रेलवे ,मेट्रो ट्रेन, बुलेट ट्रेन आदि प्रमुख हैं । जहाँ वातानुकूलित डिब्बे व सारी सुख-सुविधा उपलब्ध हैं ।

सड़क पर कार, जीप, वैन, बस और अन्य गाड़ियाँ होती है। जिससे हमारी जिंदगी आसान हो गई है आज एक से बढ़कर एक आरामदायक गाड़ियाँ बाजार में उपलब्ध हैं। ट्रक हर देश की अर्थव्यवस्था को गति प्रदान करते हैं .

यातायात के साधनों ने दूरी तय करने में लगने वाले कई दिनों और महीनों को घंटों में बदल दिया है ।यातायात के

 All Rights Reserved

# Hindi Education Online
## हिंदी सीखो कार्य प्रपत्र

नवीनतम साधनों ने पूरे विश्व को एक छोटे से गाँव में बदल दिया है। आज हमें वास्तविक दूरी का आभास ही नहीं होता है।

**C6 - OE Comprehension: आशय समझना**

प्रश्न

33. मानव जीवन में यातायात का महत्त्व लिखिए :

34. यातायात के कितने प्रकार हैं उनके दो-दो उदाहरण लिखिए :

35. वायु यातायात क्या है और उससे होने वाली समस्याएँ लिखिए

 All Rights Reserved

# Hindi Education Online
## हिंदी सीखो कार्य प्रपत्र

36. जल यातायात का उपयोग किसमें होता है ?

37. सड़क यातायात की विशेषताएँ लिखिए :

38. यातायात प्राचीन यातायात और नवीन यातायात के दो साधन लिखिए और बताइये कि उनसे हमारे जीवन में क्या अंतर आया।

 All Rights Reserved

# Hindi Education Online
## हिंदी सीखो कार्य प्रपत्र

---

---

**C-7: Vovabulary**

उपर्युक्त गद्यांश में कुछ शब्द रेखांकित हैं उनके अर्थ लिखिए।

- देशाटन -------------------------------------------------------
- भ्रमण --------------------------------------------------------
- विस्तार -------------------------------------------------------
- अभिलाषा -------------------------------------------------------
- आकांक्षा -------------------------------------------------------
- प्रगति --------------------------------------------------------
- अभूतपूर्व -------------------------------------------------------
- प्रदूषण -------------------------------------------------------
- नियुक्ति -------------------------------------------------------
- रिसाव -------------------------------------------------------
- विलुप्त -------------------------------------------------------
- क्षमता -------------------------------------------------------

 All Rights Reserved